इन्वेस्ट राजस्थान-2022 मुंबई एवं अहमदाबाद में इन्वेस्टर्स कनेक्ट प्रोग्राम

चर्चा में क्यों?

8 दिसिंबर, 2021 को इन्वेस्ट राजस्थान-2022 समिट की इस कड़ी में मुंबई एवं अहमदाबाद में हुए इन्वेस्टर्स कनेक्ट प्रोग्राम में क्रमशः 1 लाख 94 हज़ार 800 करोड़ रुपए तथा 1 लाख 5 हज़ार 700 करोड़ रुपए के एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) और एलओआई (लेटर ऑफ इंटेंट) पर हस्ताक्षर किये गए।

प्रमुख बिंदु

- अक्षय ऊर्जा, खान और खनिज, सिटी गैस, फार्मा, इंजीनियरिंग सहित अन्य क्षेत्रों में प्राप्त निवेश प्रस्तावों में 1 लाख 27 हज़ार 459 करोड़ रुपए के एमओयू और 67 हज़ार 379 करोड़ रुपए से अधिक के एलओआई शामिल हैं, जिससे भविष्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 1 लाख 44 हज़ार रोज़गार के नए अवसर सृजित होने की संभावना है।
- जेएसडब्ल्यू फ्यूचर एनर्जी ने जैसलमेर ज़िले में 10 हज़ार मेगावाट अक्षय ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिये 40 हज़ार करोड़ रुपए का प्रस्ताव, वेदांता समूह ने 33 हज़ार 350 करोड़ रुपए की लागत से एक्सप्लोरेशन एक्सपेंशन का प्रस्ताव तैयार किया है तथा ग्रीनको एनर्जीज ने 30 हज़ार करोड़ रुपए की एकीकृत अक्षय ऊर्जा भंडारण परियोजना का ऑफर दिया है।
- अडानी ग्रीन एनर्जी ने जैसलमेर, बाड़मेर, जालोर और जोधपुर में 4 हज़ार मेगावाट की 20 हज़ार करोड़ रुपए की अक्षय ऊर्जा परियोजना का प्रस्ताव दिया है। अडानी टोटल गैस ने उदयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और बूंदी में सिटी गैस सप्लाई की 3 हज़ार करोड़ रुपए की परियोजना का प्रस्ताव रखा है।
- अन्य 40 प्रस्तावित परियोजनाओं में कृष फार्मा ने 750 करोड़ रुपए के निवेश के साथ सिरोही में एक फार्मा निर्माण इकाई का प्रस्ताव रखा है।
- उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने मेगा इन्वेस्टमेंट समिट इन्वेस्ट राजस्थान-2022 को बढ़ावा देने के लिये बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में बेल बजाकर औपचारिक आगाज़ किया।
- निवेशकों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने ओएसएस (वन स्टॉप शॉप) सिस्टम स्थापित करके एक बहुत ही अनूठी पहल की है। कोई भी निवेशक जो राज्य में 10 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करना चाहता है, वह आसानी से आवेदन कर सकता है और व्यवसाय शुरू कर सकता है। 100 करोड़ रुपए से ऊपर के निवेश हेतु कस्टमाइज्ड पैकेज भी दिया जाता है।
- इस कड़ी में अहमदाबाद में हुए इन्वेस्टर्स कनेक्ट प्रोग्राम में 1 लाख 5 हज़ार 700 करोड़ रुपए के एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) और एलओआई (लेटर ऑफ इंटेंट) पर हस्ताक्षर किये गए। खनिज, टेक्सटाइल, एसटीपी, मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब, पेट्रो-केमिकल्स, बॉयो-डीज़ल, सोलर, पर्यटन और हैंडीक्रॉफ्ट सहित अन्य क्षेत्रों में प्राप्त निवेश प्रस्तावों में 41 हज़ार 590 करोड़ रुपए के 12 एमओयू और 64 हज़ार 110 करोड़ रुपए से अधिक के 28 एलओआई शामिल हैं, जिससे भविष्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब एक लाख रोज़गार के नए अवसर सृजित होने की संभावना है।
- अजूर पावर ने फतेहगढ़, जैसलमेर में 24 हज़ार करोड़ रुपए का सोलर पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव, सोलरपैक कॉर्पोरेशन ने फलौदी, जोधपुर में 1 हज़ार 200 करोड़ रुपए की सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजना का प्रस्ताव, एसीएमई क्लीनटेक ने जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर में 8 हज़ार 200 करोड़ रुपए की सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है।
- टोरेंट गैस ने अलवर शहर में 5000 करोड़ रुपए की गैस आपूर्ति परियोजना को स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। एनयू विस्टा ने चित्तौड़ और नागौर में हज़ार करोड़ रुपए के निवेश पर दो सीमेंट निर्माण संयंत्र प्रस्तावित किये हैं।
- अहमदाबाद के होटल कोर्टयार्ड मैरियट में आयोजित कार्यक्रम में करीब 15 नए निवेशकों से वन-टू-वन मीटिंग की गई। साथ ही, उद्योग जगत् से जुड़े लोगों को राज्य में 24-25 जनवरी को आयोजित होने वाले इन्वेस्ट राजस्थान के लिये भी आमंत्रित किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/invest-rajasthan-2022-investors-connect-program-in-mumbai-and-ahmedabad